पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री से राज्यपाल की भेंट

लखनऊः 14 सितम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, श्रीमती स्मृति ईरानी ने शिष्टाचारिक भेंट की। मुलाकात के दौरान प्रदेश के उच्च शिक्षा से जुडे कई मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कुलपति का कार्यकाल तीन वर्ष का है। पूर्व में राजभवन में आयोजित कुलपति सम्मेलन में इस बात पर विचार हुआ था कि कुलपति का कार्यकाल पांच वर्ष होना चाहिए। प्रदेश में कुलपति का कार्यकाल पांच वर्ष किये जाने में केन्द्र सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की क्या भूमिका रहेगी, इस पर भी उन्होंने चर्चा की। उन्होंने कहा कि केन्द्र की नई शिक्षा नीति में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से भी विचार-विमर्श किया जाना चाहिए।

श्री नाईक ने बताया कि प्रदेश में 25 विश्वविद्यालय है जिनके वे कुलाधिपति हैं। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने की दृष्टि से प्रदेश में प्रयास किये जा रहे हैं। सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र भेजकर उनको समय से प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने, कक्षाएं नियमित रूप से चलाने, समय से परीक्षा आयोजित करने तथा समय से दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने के भी निर्देश दिये जा चुके हैं।

राज्यपाल से श्री दीपक जोशी उच्च शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश, श्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़, श्री केदार कश्यप स्कूली शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ ने भी अलग से शिष्टाचारिक भेंट की। श्री नाईक ने इस अवसर पर सभी मंत्रियों को पुस्तक 'बर्डस आॅफ राजभवन उत्तर प्रदेश' की प्रति भेंट की।

अंशुल वर्मा